कार्यालय – अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

दिनांक– 02/01/2023

पत्रांक– 676/आ0छा0क0/2023

: : आवश्यक सूचना : :

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2020–21 के उन छात्रों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कोरोना काल के समय छात्रावास सुविधा छात्रों/छात्राओं द्वारा सीमित समय के लिये उपभोग किया गया था, छात्रावास के मद में बी. टेक. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों/छात्राओं द्वारा छात्रावास शुल्क रु० 25,000/– जमा किया गया था, उन्हें रु० 8,000/– तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों जिन्होंने छात्रावास शुल्क रु० 14,000/– जमा किया था उन्हें रु० 7,000/– वापस किये जाने का निर्णय लिया गया था। निर्णय के कम में विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागण स्थित समस्त छात्रावासो के अभिरक्षकों द्वारा उपलब्ध कराई गई 750 छात्रों/छात्राओं की सूची बैंक विवरण सहित शाखा प्रबन्धक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, एच.बी.टी.यू., कानपुर को शुल्क सम्बन्धित छात्र/छात्रा के खाते में स्थानान्तरण हेतु प्रेषित कर दी गयी थी, किन्तु कतिपय छात्रों/छात्राओं का किसी कारणवश् वापस की जानी वाली धनराशि खाते में न पहुँचने का प्रकरण संज्ञान में आया, जो विचाराधीन है।

अतः ऐसे छात्रों/छात्राओं से अपेक्षा है कि वह अपने–अपने बैंक खाते जिसमें उनका खाता संख्या, बैंक का नाम, आई0एफ0एस0सी0 कोड अंकित हो का दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को 12 जनवरी, 2023 तक छात्रावास अभिरक्षक/अभिरक्षिका से अपने–अपने प्रत्यावेदन पर सत्यापित कराते हुये कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें, जिससे धनराशि वापस किये जाने की कार्यवाही की जा सके।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलसचिव, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
2. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
3. स्टाफ ऑफीसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी, एच.बी.टी.यू., कानपुर के संज्ञानार्थ।
4. सिस्टम मैनेजर, एच.बी.टी.यू., कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट् पर अपलोड करने का कष्ट करें।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

Scanned by CamScanner